श्री धर्मेन्द्र सिंह, सचिव, सहकारिता विभाग-सह-अध्यक्ष, वेजफेड की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2026 को अपराह्न 5:00 बजे वेजफेड (VEGFED) के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति:-

प्रबंध निदेशक, वेजफेड,

राज्य प्रबंधक (HR&Admin),

राज्य प्रबंधक (वित्त एवं लेखा),

राज्य प्रबंधक (मार्केटिंग),

टीम लीड PMC-AFC India

PMC (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट) द्वारा प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति और सब्जी यूनियन के संचालन व विकास हेतु एक संपूर्ण कार्ययोजना एवं अबतक VEGFED के PMC द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं निम्न निर्देश दिए गए :-

1. **IEC सामग्री की व्यवस्था**:-

यूनियन और PVCS स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए PMC द्वारा आवश्यक IEC सामग्री (जैसे- बैनर,होर्डिंग्स, पोस्टर, पैम्फलेट, माइकिंग सामग्री आदि) तैयार और उपलब्ध कराई जाए।

2. **गतिविधियों की योजना और समयावधि**:-

वेजफेड, यूनियन और PVCS स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत योजना तैयार की जाए। साथ ही यह स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जाए कि ये गतिविधियां कितनी-कितनी समयावधि (Frequencies) पर दोहराई जाएंगी।

3. **यूनियन स्तर पर कार्यक्रमों का रोस्टर और आयोजन**:-

यूनियन स्तर पर 'अभियान मोड' में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक रोस्टर तैयार किया जाए। आगामी सप्ताह में सभी 8 यूनियनों को इस रोस्टर में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

-प्रत्येक कार्यक्रम में 50-60 प्रखंडों (Blocks) को शामिल किया जाए।

- फेडरेशन की ओर से टीम इन कार्यक्रमों में भाग लेगी।
- ऐसे प्रत्येक कार्यक्रम पर अधिकतम व्यय सीमा निर्धारित होनी चाहिए।
- प्रतिभागी: कार्यक्रम में PVCS अध्यक्ष, संबंधित यूनियन के अधिकारियों और किसानों सहित न्यूनतम 100-150 प्रतिभागी होने चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

- एजेंडा:- इन कार्यक्रमों के लिए 3-4 बिंदुओं का एक संक्षिप्त एजेंडा तैयार किया जाए, जिसे बैठक में लागू किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से **सब्जियों की अनिवार्य खरीद-बिक्री, PVCS स्तर पर किसानों की साप्ताहिक बैठकें, नियमित आम सभाएं, आगामी मौसम में सब्जी उत्पादन और खरीद की योजना** तथा **मौसमी रोस्टर बनाना** आदि शामिल होंगे।

- आने वाले दिनों में PVCS और यूनियन द्वारा की जाने वाली गतिविधियों पर भी इन कार्यक्रमों में चर्चा की जाए एवं सभी PVCS को सदस्यता एवं व्यवसाय का लक्ष्य फेडरेशन स्तर से दिया जाए।

4. <u>प्रशिक्षण:-</u>

PMC द्वारा किसानो/ समितियों के पदाधिकारियों/ पदधारकों हेतु विस्तृत प्रशिक्षण योजना तैयार की जाए एवं प्रशिक्षण को विकेन्द्रित (डिसेंट्रलाइज्ड) तरीके से पूर्ण कराया जाए। यदि इस प्रशिक्षण के लिए किसी नई योजना की स्वीकृति आवश्यक है, तो PMC द्वारा इसकी रूपरेखा तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाए।

5. <u>PMC द्वारा वर्तमान योजनाओं का अनुश्रवण और परिसंपत्तियों का उपयोग:-</u>

- संचालित परियोजनाओं की प्रगति की अनुश्रवण के लिए योजना बनाई जाए।
- निर्मित संपत्तियों/बुनियादी ढांचे (जैसे- आधारभूत संरचना, प्याज भंडार, तरकारी आउटलेट आदि) के उपयोग की कार्ययोजना बने और तय किया जाए कि वहां कौन-सी गतिविधियां संचालित की जाएगी।
- वेजफेड की चल रही परियोजनाओं/योजनाओं में यदि कोई विशिष्ट कमियां (Gaps) हैं, तो उनकी पहचान कर सुधार हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत की जाए।

6. <u>क्रेता-विक्रेता सम्मेलन (Buyer-Seller Meet):-</u>

दिनांक 5 मई 2026 तक एक 'क्रेता-विक्रेता सम्मेलन' की योजना बनाई जाए एवं तिथि निर्धारित की जाए। इसकी पूर्व-योजना (Pre-planning) के तहत निम्न कार्य किए जाए:-

- लक्षित खरीदारों (सरकारी, निजी संगठन, प्रोसेसर आदि) की पहचान।
- वेजफेड का परिचयात्मक प्रस्तुतीकरण तैयार करना।
- संभावित उत्पादक जिलों के अनुसार संभावित सब्जियों की सूची बनाना।
- संभावित खरीदारों को आमंत्रण भेजना और फॉलो-अप करना।
- MoU: सम्मेलन के दौरान ही खरीदारों का यूनियन और PVCS के साथ MoU अंतिम रूप दिया जाए।
- इस हेतु PMC को निर्देश दिया गया है कि वह खरीदारों और यूनियन/PVCS के बीच समन्वय स्थापित करे।

Scanned with OKEN Scanner

7. **<u>सदस्यता अभियान और PVCS की सक्रियता</u>:-**

- अभियान चलाकर PVCS स्तर पर वृहद 'सदस्यता अभियान' चलाया जाए। क्षेत्र के सभी सब्जी किसानों को सदस्य के रूप में जोड़ने हेतु कार्यक्रमों का एक रोस्टर तैयार किया जाए।
- PVCS स्तर पर किसानों की बैठक, आम सभा, चौपाल, प्रशिक्षण आदि के आयोजन के लिए भी रोस्टर तैयार किया जाए।
- योजनाओं की Visibility बढ़ाने और PVCS को पूर्ण रूप से सक्रिय करने पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०/-
(धर्मेन्द्र सिंह)
सचिव, सहकारिता विभाग
-सह-
अध्यक्ष, वेजफेड।

ज्ञापांक 504 / दिनांक 6/5/2026

प्रतिलिपि:-1.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ,पटना / तिरहुत सब्जी संघ,मोतिहारी /मिथिला सब्जी संघ,दरभंगा /मगध सब्जी संघ, गया/ भागलपुर सब्जी संघ, भागलपुर / मुंगेर सब्जी संघ, मुंगेर /सारण सब्जी संघ, सारण / शाहाबाद सब्जी संघ, शाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2.सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, वेजफेड अंतर्गत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3.वेजफेड अंतर्गत सभी सम्बंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4.राज्य प्रबंधक (IT&MIS) को सूचनार्थ एवं निदेश है कि कार्यवाही को वेजफेड की वेबसाइट पर प्रकाशित करना सुनिश्चित करें।

5.श्री संजीव कुमार सुमन, PMC टीम लीड, वेजफेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक
वेजफेड,पटना।

Scanned with OKEN Scanner